पंजाब केसरी

Date: 15/07/2025

# सी.आर.एस.यू. में हुई बी.पी.एड और एम.पी.एड परीक्षा



*शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेते पुरुष अभ्यर्थी।*

जींद, 14 जुलाई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बी.पी. एड (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन) एवं एम.पी. एड (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पुरुष अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी.ई.टी.) का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल 171 पुरुष अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें 82 बी.पी.एड एवं 89 एम.पी.एड पाठ्यक्रमों के उम्मीद्वार शामिल थे।

परीक्षा दौरान प्रतिभागियों को एक 75 मीटर का विशेष शारीरिक दक्षता सर्किट निर्धारित समय (33 सैकेंड) के भीतर पूरा करना था। इसके अलावा कई अन्य गतिविधियों में पास होना था। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी संकाय सदस्य्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रो. कुलदीप नारा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. प्रवीन गहलावत, डॉ. प्रवीन, डॉ. सुनीति, डॉ. रोहित, डॉ. अतुल सहारण मौजूद रहे। महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 15-07-2025

# बीपीएड-एमपीएड की शारीरिक दक्षता परीक्षा दी

जींद| सीआरएसयू में सोमवार को बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों की शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई। कुल 171 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें 82 बीपीएड और 89 एमपीएड के उम्मीदवार थे। परीक्षा के लिए 75 मीटर लंबा विशेष सर्किट बनाया गया। इसे 33 सेकेंड में पूरा करना जरूरी था। सर्किट में 10 फीट लंबी कूद, 6 फीट नदी कूद, 5 फीट ऊंचा वॉल्टिंग हॉर्स पार करना, फ्रंट रोल, 3.6 फीट ऊंची बाधा और दोनों हाथों में 5-5 किलो की बाल्टियों के साथ दौड़ शामिल थी। इसका मकसद ताकत, संतुलन, फुर्ती, गति और सहनशक्ति की जांच करना था। परीक्षा के दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे। इनमें प्रो. कुलदीप नारा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. प्रवीन गहलावत, डॉ. प्रवीन, डॉ. सुनीति, डॉ. रोहित और डॉ. अतुल सहारण शामिल थे। आयोजन को व्यवस्थित, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 15 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में होगी।

जागरण

15/07/2025

# बीपीएड व एमपीएड में प्रवेश को 171 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

जासं● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पुरुष अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई।

इस परीक्षा में कुल 171 पुरुष अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिनमें 82 बीपीएड और 89 एमपीएड पाठ्यक्रमों के उम्मीदवार शामिल थे। परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों को एक 75 मीटर का विशेष शारीरिक दक्षता सर्किट निर्धारित समय (33 सेकंड) के भीतर पूरा करना था।

जिसमें 10 फीट लंबी कूद, छह फीट नदी कूद, पांच फीट ऊंचा वाल्टिंग हार्स पार करना, फ्रंट रोल, 3.6 फीट ऊंची बाधा, दोनों हाथों में पांच- पांच किलोग्राम की बाल्टियां लेकर दौड़ना जैसी गतिविधियां शामिल थी। यह सर्किट प्रतिभागियों की ताकत, संतुलन, फुर्ती, गति और सहनशक्ति का समग्र मूल्यांकन करने के लिए तैयार किया गया था। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। प्रोफेसर कुलदीप नारा, डा. नरेश कुमार, डा. प्रवीन गहलावत, डा. प्रवीन, डा. सुनीति, डा. रोहित, डा. अतुल सहारण ने प्रतिभागियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।